कार्यालय–संचालक,ग्वालियर मानसिक आरोग्यशाला,ग्वालियर,मध्यप्रदेश

क्रमांक 9057-62 / स्था / अराज / 2022 ग्वालियर,दिनांक 1-11-2022

## / / विज्ञिप्ति सूचना / /

1. मध्यप्रदेश शासन चिकित्सा शिक्षा विभाग , भोपाल के पत्र क्रमांक एफ2–06 / 2018 / 1–55 भोपाल दिनांक 07.04.2018 द्वारा ग्वालियर मानसिक आरोग्यशाला,ग्वालियर में मध्यप्रदेश स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय चिकित्सकीय सेवा आदर्श नियम 2018 एंव संचालनालय, चिकित्सा शिक्षा विभाग म.प्र. द्वारा प्राप्त अनुसूचियों के आधार पर एंव 57वी प्रबंध समिति की बैठक में निर्णय उपरात ग्वालियर मानसिक आरोग्यशाला मे स्टॉफ नर्स (महिला) के रिक्त पदों पर म.प्र. के शासकीय नर्सिंग स्कूल / महाविद्यालय के उत्तीर्ण उम्मीदवारों हेतु निर्धारित शर्तो के अधीन आवेदन पत्र एम.पी. ऑनलाईन के माध्यम से आमंत्रित किये जाते है। आवेदन पत्र एम.पी. ऑनलाईन www.mponline.govt.in की वेबसाईट पर उपलब्ध है।
2. आवेदन संबंधित समय तालिकाः–

| क्रमांक | गतिविधि | तारीख |
|---|---|---|
| 1 | ऑनलाईन आवेदन प्रारंभ होने की तिथि | – |
| 2 | ऑनलाईन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि | – |

3. विज्ञापित पदों हेतु अभ्यार्थियों के चयन संबंध मे अवगत किया जाता है कि अभ्यार्थियों द्वारा किये गये आवेदन तथा निर्धारित वेटेज के आधार पर कुल 100 अंको से प्रवीणीय सूची बनाई जायेगी जो की उनके द्वारा प्राप्त अंको के वेटेज अनुसार पदों को श्रेणी वार तैयार की जावेगी। उक्त अनुसार योग्य पाये जाने वाले उम्मीदवारों को दस्तावेज सत्यापन हेतु बुलाया जावेगा एंव प्रवेश दिया जावेगा।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| Higher Secondary ($12^{th}$) Percentage(%0.2) (Max20Marks) | BSC/ GNM Percentage(%0.5) (Max50 Marks) | BSC=25 GNM=20 | MSC=05 | Total= 100 Marks |

4. उपरोक्त तिथियां ग्वालियर मानसिक आरोग्यशाला, ग्वालियर की आवश्कता अनुसार परिवर्तित की जा सकती है। यह उम्मीदवारों के हित में है कि वे ग्वालियर मानसिक आरोग्यशाला, ग्वालियर की वैबसाईट www.gwaliormentalhospital.org एंव एम.पी ऑनलाईन की वैबसाईट www.mponline.govt.in का नियमित रूप से अवलोकन करते रहे एंव महत्वपूर्ण सूचनाओं व निर्देशो पर ध्यान देंवें। इस संबंध मे ग्वालियर मानसिक आरोग्यशाला, ग्वालियर की कोई जबावदारी नही होगी। यदि आवेदक समय–समय पर आरोग्यशाला द्वारा जारी महत्वपूर्ण सूचनाओं एंव निर्देशो का अवलोकन करने में असफल होता है तो इसकी दावेदारी मान्य नही की जावेगी। परन्तु इसके पश्चात भी यदि असत्य या गलत जानकारी ऑनलाईन आवेदन में दी जाती है तो ऐसी स्थिति में आवेदक की अभ्यार्थिता निरस्त कर दी जावेगी।

संचालक

ग्वालियर मानसिक आरोग्यशाला

ग्वालियर म0प्र0

# संचालक,ग्वालियर मानसिक आरोग्यशाला ,ग्वालियर मध्यप्रदेश

ई–मेल gma_gwalior@rediffmail.com फोन न0– 0751–2481841,2480263

कमांक 3057–62 / स्था / अराज / 2022 ग्वालियर,दिनांक 1-11-2022

/ /स्टाफ नर्स भर्ती सूचना/ /

मध्यप्रदेश शासन, चिकित्सा शिक्षा विभाग , भोपाल के पत्र कमांक एफ2–06 / 2018 / 1–55 भोपाल दिनांक 07.04.2018 द्वारा ग्वालियर मानसिक आरोग्यशाला,ग्वालियर में मध्यप्रदेश स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय चिकित्सकीय सेवा आदर्श नियम 2018 एंव संचालनालय, चिकित्सा शिक्षा विभाग म.प्र. द्वारा प्राप्त अनुसूचियों के आधार पर ग्वालियर मानसिक आरोग्यशाला,ग्वालियर मे स्टॉफ नर्स (महिला) के रिक्त पदों पर म.प्र. के शासकीय नर्सिंग स्कूल / महाविद्यालय के उत्तीर्ण उम्मीदवारों हेतु निर्धारित शर्तो के अधीन आवेदन पत्र एम.पी. ऑनलाईन के माध्यम से आमंत्रित किये जाते है:–

1. महिला स्टॉफ नर्स के कुल रिक्त पद संख्या:– 27

सीधी भर्ती:– महिला स्टॉफ नर्स– कुल पद – 22

| स.क. | श्रेणी | बिना वर्ग महिला | भूतपूर्व सैनिक महिला | दिव्यांग | योग |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अनारक्षित | 01 | 00 | 00 | 01 |
| 2 | अनुसूचित जाति | 04 | 00 | 00 | 04 |
| 3 | अनुसूचित जनजाति | 07 | 01 | 00 | 08 |
| 4 | अन्य पिछड़ा वर्ग | 04 | 00 | 00 | 04 |
| 5 | आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग | 04 | 01 | 00 | 05 |
| | योग | 20 | 02 | 00 | 22 |

**सीधी भर्ती :– महिला स्टाफ नर्स (संविदा कर्मचारियों हेतु)– कुल पद–05**

| स.क. | श्रेणी | बिना वर्ग महिला | भूतपूर्व सैनिक महिला | दिव्यांग | योग |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अनारक्षित | 00 | 00 | 00 | 00 |
| 2 | अनुसूचित जाति | 01 | 00 | 00 | 01 |
| 3 | अनुसूचित जनजाति | 02 | 00 | 00 | 02 |
| 4 | अन्य पिछड़ा वर्ग | 01 | 00 | 00 | 01 |
| 5 | आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग | 01 | 00 | 00 | 01 |
| | योग | 05 | 00 | 00 | 05 |

**नोट:–** कमांक एफ7–53–2018– आ.प्र.–1 म.प्र. लोक सेवा अधिनियम 1994 (क. 21 सन् 1994) की धारा 13 द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुये राज्य सरकार एतद् द्वारा म.प्र. लोक सेवा (अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाती, अन्य पिछडा वर्गो के लिये आरक्षण) नियम 1998 में संशोधन दिनांक 24.12.2019 ग्वालियर मानसिक आरोग्यशाला,ग्वालियर में माननीय उच्च न्यायालय के निर्णय के अध्याधीन सीधी भर्ती द्वारा महिला स्टॉफ नर्स के रिक्तपदों पर भर्ती की जानी है।

2. न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता:–

| | |
|---|---|
| स्टाफ नर्स | 1. अभ्यार्थी अनिवार्य रूप से भौतिक शास्त्र, रसायन शास्त्र और जीव विज्ञान के साथ (10+2) शिक्षा पद्वति से 12 वी परीक्षा अवश्य उत्तीर्ण होना चाहिए।<br>2. शासकीय बी.एस.सी (नर्सिंग) अथवा जनरल नर्सिंग एंव ज्येष्ठ प्रसूति विज्ञान प्रशिक्षित।<br>3. मध्यप्रदेश नर्सिंग काउंसिल मे जीवित पंजीयन। |

स्टॉफ नर्स के पद पर नियुक्ति हेतु निर्देश/शर्तेः–

1. शासकीय नर्सिंग स्कूल/महाविद्यालय की उत्तीर्ण उम्मीदवारों को उनकी शैक्षणिक एंव व्यवहारिक गुणवत्ता एंव शासन द्वारा व्यय संसाधनों को दृष्टिगत रखते हुए स्कुटनी में उपयुक्त पाये जाने पर स्टॉफ नर्स की नियुक्ति प्रथम 03 माह पश्चात ही अभ्यार्थियों को नियमित स्थापना के पदों में नियुक्ति किया जावेगा।

| पद का नाम | वेतनमान |
|---|---|
| स्टॉफ नर्स | मध्यप्रदेश शासन निर्देशानुसार वर्तमान देय वेतन होगा। |

3.वेतनमान एंव अन्य भत्तेः–

वेतनमान भत्ता एंव अन्य भत्ते और अन्य लाभ मध्यप्रदेश शासन नियमानुसार लागू होगें।

4. आरक्षणः–

1. पदों पर आरक्षण राज्य शासन के द्वारा समय–समय पर जारी आदेशों के अनुसार होगा।
2. अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछडा वर्ग (केवल गैर क्रीमिलेयर) तथा अनारिक्षत (आर्थिक रूप से कमजोर संवर्ग) के लिए आरक्षण प्रावधान नियमानुसार लागू होगें ।
3. उक्त पदों हेतु जातिगत आरक्षण केवल ऐसे अभ्यार्थियों पर लागू होगा, जिनका जाति प्रमाण पत्र मध्यप्रदेश राज्य के अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) द्वारा जारी किया गया है।
4. सामाजिक न्याय एंव निःशक्तजन कल्याण विभाग मंत्रालय वल्लभ भवन, भोपाल द्वारा जारी राज्य पत्र अधिसूचना कमांक 19.01.2015 के अनुसार दिव्यांग उम्मीदवारों हेतु क्षैतिज आरक्षण लागू होगा।
5. विकलांग श्रेणी के उम्मीदवारों को मेडिकल बोर्ड द्वारा निर्धारित प्रपत्र में जारी विकलांगता प्रमाण पत्र जिसमें विकलांग प्रतिशत स्पष्ट दर्शाया गया हो प्रस्तुत करना होगा।

| | |
|---|---|
| अस्थि बाधित | अस्थि बाधित (45%-50%) शरीर के निचले हिस्से की विकलांगता मान्य है। |

6. उक्त पदों में संविदा पर नियुक्त कर्मचारियों को 20 प्रतिशत आरक्षण का लाभ सामान्य प्रशासन विभाग, मंत्रालय, भोपाल द्वारा जारी निर्देश कमांक सी 5–2/2018/1/3 भोपाल दिनांक 05 जून 2018 के अनुसार रहेगा।
7. उक्त पदों मे भूतपूर्व सैनिको के लिए आरक्षण सामान्य प्रशासन विभाग, मंत्रालय, भोपाल द्वारा जारी निर्देश कमांक एफ–9–3/2012/आ.प्र./एक भोपाल, दिनांक 22 सितंबर 2012 के अनुसार रहेगा।
8. उक्त पदों पर आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWS) के लिए आरक्षण सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय भोपाल द्वारा जारी निर्देश कमांक एफ 07–11/2019/आ.प्र./एक भोपाल, दिनांक 02 जुलाई 2019 के अनुसार रहेगा। आरक्षण का लाभ सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर ही दिया जायेगा।
9. आवेदन शुल्कः–

अनारिक्षत/अन्य पिछडा वर्ग हेतु विभागीय शुल्क 200/– (दौ सौ रूपये) एंव अनुसुचित जाति एंव अनुसुचित जनजाति/ अन्य पिछडा वर्ग (गैर क्रीमिलेयर) तथा ई.डब्लू.एस (आर्थिक रूप से कमजोर संवर्ग) एंव निःशक्तजन उम्मीदवारों के लिए विभागीय शुल्क 100/–(सौ रूपये) एंव 170+जी.एस.टी. एम.पी. ऑनलाईन का पोर्टल शुल्क अतिरिक्त रहेगा।

10. आयुसीमाः–

1. अनारक्षित वर्ग हेतु – न्यूनतम 18 वर्ष अधिकतम 40 वर्ष
2. अनुसूचित जाति/जनजाती/अन्य पिछडा वर्ग/शासकीय/निगम/मण्डल स्वशासी संस्था के कर्मचारियों/नगर सैनिक(अधिकतम आयुसीमा में 05 वर्ष की छूट) निःशक्तजन/महिलाओं(अनारक्षित/आरक्षित) आदि हेतु – न्यूनतम 18 वर्ष अधिकतम 45 वर्ष

**नोटः– आयु की गणना 01 जनवरी 2022 के आधार पर की जावेगी।**

**11. सामान्य शर्तेः–**

1. उम्मीदवार को मध्यप्रदेश का मूलनिवासी होना चाहिए।
2. संचालक ग्वालियर मानसिक आरोग्यशाला, ग्वालियर द्वारा आवश्यकता अनुसार उक्त पदों की संख्या में परिवर्तन किया जा सकता है।
3. मध्यप्रदेश शासन, चिकित्सा शिक्षा विभाग, मंत्रालय के पत्र क्रमांक एफ2–20/2020/1/55 भोपाल दिनांक 17.11.2020 के अनुसार म.प्र. के शासकीय नर्सिंग स्कूल/महाविद्यालय के उत्तीर्ण उम्मीदवारों को प्राथमिकता के आधार पर चयनित किया जावेगा।
4. ऐसे अभ्यार्थी जो शासकीय/अर्द्धशासकीय/सार्वजनिक उपक्रम में कार्यरत है एंव विज्ञापित पदों हे न्यूनतम अहर्ता एंव आयु सीमा संबंधी सभी मापदंडो को पूरा करते हों उन्हे दस्तावेज सत्यापन हेतु न्यूनतम अहर्ता एंव आयु सीमा संबंधी सभी मापदंडो को पूरा करते हों उन्हे दस्तावेज सत्यापन के दौरान वर्तमान नियोक्ता द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा अन्यथा उनकी उम्मीदवारी पर कोई विचार नही किया जावेगा।
5. अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एंव अन्य पिछडा वर्ग (केवल गैर क्रीमीलेयर) तथा अनारक्षित (आर्थिक रूप से कमजोर संवंर्ग) जो आरक्षण का लाभ लेना चाहते है, उन्हे म.प्र. शासन के वर्तमान प्रचलित नियमों के अनुसार निर्धारित प्रारुप में प्रमाण–पत्र की एक प्रति दस्तावेज सत्यापन के दौरान जमा करनी होगी।
6. उम्मीदवारों को पूर्ण रूप से स्वस्थ होना अनिवार्य है एंव नियुक्ति के समय मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी चिकित्सा स्वस्थ्यता प्रमाण–पत्र जमा करना अनिवार्य है।
7. संचालक, ग्वालियर मानसिक आरोग्यशाला,ग्वालियर किसी भी समय किसी भी स्तर पर आंशिक या पूर्ण विज्ञप्ति या भर्ती प्रक्रिया को बिना किसी कारण रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। इस संबंध में मानसिक आरोग्शाला,ग्वालियर की कोई जबावदारी नही होगी।
8. चयन प्रक्रिया संबंधी किसी भी विवाद में संचालक, ग्वालियर मानसिक आरोग्यशाला, ग्वालियर द्वारा लिया गया निर्णय अंतिम एंव बाध्यकारी होगा।
9. नियुक्ति संबंधी कोई भी विवाद माननीय उच्च न्यायालय खण्ड पीठ ग्वालियर होगा।
10. ऐसे आवेदक जिनको दिनांक 26.01.2001 तथा उसके बाद तृतीय बच्चे का जन्म हुआ है चयन प्रक्रिया मे भाग लेने के पात्र नही होंगे।
11. वैवाहिक स्थिति–एक से अधिक विवाह किये गये उम्मीदवार पात्र नही होंगें अगर प्रथम विवाह से विछेद ना हुआ हो अथवा मृत्यु न हुई हो तो ऐसे आवेदक चयन प्रक्रिया में भाग लेने के पात्र नही होंगे।
12. सेवा की अन्य शर्ते नियुक्ति पत्र में दर्शायें गये अनुसार बंधनकारी होंगी।
13. चयन सूची तैयार करते समय यदि दो या दो से अधिक उम्मीदवार समान अंक प्राप्त करते है तो उम्मीदवारों की जन्म तिथि पर विचार किया जायेगा अर्थात् अधिक आयु के

आवेदक को कम आयु के आवेदक के उपर रखा जावेगा। जन्मतिथि समान होने की स्थिति में ऐसे उम्मीदवारों को वरीयता दी जावेगी जिन्होने आवेदन किये पद हेतु निर्धारित आवश्यक न्यूनतम अर्हता में अधिक अंक प्राप्त किये है ऐसी स्थिति में जब उपरोक्त दोनो स्थितियों एक से अधिक आवेदक के लिए समान हो तो कक्षा 12 वीं में अधिक अंक प्राप्त अभ्यार्थी को वरीयता दी जावेगी।

14. स्टॉफ नर्स के पद हेतु आवेदन के पूर्व आवेदक विज्ञापन का गहन अध्ययन कर लेवें।

8. **सेवा अनुबंध सह प्रतिभूति पत्रः–**

स्टॉफ नर्स का न्यूनतम 03 वर्ष की सेवाएं देने हेतु सेवा अनुबंध सह प्रतिभूति पत्र निष्पादित करना होगा। सेवा अनुबंध सह प्रतिभूति पत्र में निहित शर्तो का पालन न करने पर उसे 01 वर्ष के वेतन/मानदेय के बराबर की राशि इस ग्वालियर मानसिक आरोग्यशाला,ग्वालियर को चुकानी होगी। यह देय राशि संबंधित से भू–राजस्व की बकाया की भांति वसूली योग्य होगी।

9. **अनहर्तायें:–**

निम्नलिखित मामलों में उल्लघंन करने वाले आवेदकों का अभियोजन किया जा सकेगा और/या चयन के लिये उसकी उम्मीदवारी निरस्त की जा सकेगी और/या उसे या तो स्थाई रूप से या विशिष्ट अवधि के लिए विवर्जित कर दिया जायेगाः–

1. कूटरचित दस्तावेज या ऐसे दस्तावेज प्रस्तुत किये हों जिसमें फेरबदल किया गया हो।
2. चयन के किसी भी स्तर पर भर्ती हेतु दिये गये किसी भी आवेदन/प्रपत्र/अनुप्रमाणन/दस्तावेज में असत्य जानकारी दी हो या सारभूत जानकारी छुपाई हो।
3. भर्ती के लिये कोई अन्य अनियमित या अनुचित साधन अपनाया हो।
4. आवेदकों को म.प्र. (सेवा की सामान्य शर्तो) नियम 1961 के नियम अनुसार नियुक्ति के लिए वह उम्मीदवार अपात्र होगा जो निम्न में से कोई हो।

   **अ.** पुरूष उम्मीदवार जिसकी एक से अधिक पत्नियों जीवित हो। इसी प्रकार महिला उम्मीदवार जिसने किसी ऐसे व्यक्ति से विवाह किया हो जिसकी पहले से ही एक पत्नी जीवित हो ऐसे मामले में शासन ही अन्यथा निर्णय ले सकता है अर्थात यदि शासन का इस बात से समाधान हो जाये की ऐसा करने का पर्याप्त कारण है तो वह प्रतिबंध से छूट दे सकता है।

   **ब.** जो शारीरिक एंव मानसिक रूप से स्वस्थ्य नहीं पाये गये।

   **स.** महिलाओं के विरूद्ध किसी अपराधी का दोष सिद्ध ठहराया गया हो।

   **द.** जिसकी दो से अधिक संतान है जिनमं से एक का जन्म 26.01.2001 को या उसके पश्चात हुआ है परन्तु निरर्हित नही होगा यदि एक संतान से जीवित रहते आगामी प्रसव में दो या दो से अधिक संतान का जन्म होता है।

   **ई.** ऐसा उम्मीदवार जिसके विरूद्व नैतिक पतन का आपराधिक प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है अथवा वह नैतिक पतन के आपराधिक मामले में दोष सिद्व हुआ हो।

10. चयन प्रकिया (स्टॉफ नर्स का वेटेज निम्नानुसार रहेगा):–

- विज्ञापित पदों हेतु अभ्यार्थियों के चयन के संबंध में अवगत किया जाता है कि अभ्यार्थियों द्वारा किये गये आवेदन तथा निर्धारित वेटेज के आधार पर कुल 100 अंको के वेटेज अनुसार पदों को श्रेणी वार तैयार की जावेगी। उक्त अनुसार योग्य पाये जाने वाले उम्मीदवारों को दस्तावेज सत्यापन हेतु बुलाया जावेगा एंव प्रवेश दिया जावेगा।
- प्रत्येक श्रेणी हेतु एम.पी. ऑनलाईन द्वारा स्टॉफ नर्स की पृथक–पृथक प्रवीणीय सूची तैयार की जावेगी। स्टॉफ नर्स की सामान्य प्रवीणीय सूची भी तैयार की जावेगी।
- प्रवीणीय सूची तैयार करते समय यदि दो या दो से अधिक उम्मीदवार सामान अंक प्राप्त करते है तो उम्मीदवारों की जन्मतिथि पर विचार किया जावेगा। अर्थात अधिक आयु के आवेदक को कम आयु के आवेदक के उपर रखा जावेगा। जन्मतिथि समान होने की स्थिति में ऐसे उम्मीदवार को वरीयता दी जावेगी। जिन्होंने आवेदन किये हुये पद हेतु निर्धारित आवश्यक न्यूनतम आर्हता में अधिक अंक प्राप्त किये है ऐसी स्थिति में जब

उपरोक्त दोनो स्थितियां एक से अधिक आवेदक के लिये समान हो तो कक्षा 12 वीं में अधिक अंक प्राप्त अभ्यार्थी को वरीयता दी जावेगी।

- दस्तावेज सत्यापन के दौरान 12 वीं परीक्षा की अंकसूची में शैक्षणिक योग्यतानुसार भौतिकी रसायन शास्त्र एंव जीव विज्ञान नही होने पर अभ्यार्थी को अयोग्य घोषित किया जावेगा। तथा साक्षात्कार की पात्रता नही होगी।
- दस्तावेज सत्यापन मे त्रुटी पाई जाने पर उम्मीदवार को अयोग्य घोषित किया जा सकता है।
- दस्तावेज सत्यापन के समय शैक्षणिक एंव व्यवसायिक योग्यता संबंधित समस्त प्रमाण पत्रों की योग्यता संबंधि समस्त प्रमाण पत्रों की मूल प्रतियां प्रस्तुत करनी होगी।
- भर्ती प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरांत किसी भी उम्मीदवार की दावेदारी पर विचार नहीं किया जावेगा।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| Higher Secondary ($12^{th}$) Percentage(%0.2) (Max20Marks) | BSC/ GNM Percentage(%0.5) (Max50 Marks) | BSC=25 GNM=20 | MSC=05 | Total= 100 Marks |

नोटः– अधिक संख्या में आवेदन प्राप्त होने पर एक पद पर पॉच आवेदकों को साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किया जावेगा।

11 आवेदन संबंधी समय तालिकाः–

| कमांक | गतिविधि | तारीख |
|---|---|---|
| 1 | ऑनलाईन आवेदन प्रारंभ होने की तिथि | |
| 2 | ऑनलाईन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि | |

**12 आवेदन कैसे करें:–**

- कृपया आवेदन पत्र भरने से पहले सावधानी पूर्वक निर्देशों को पढ लेंवे। आप निर्देश पुस्तिका प्रवेश परीक्षा लिंक से डाउनलोड कर सकते है।
- आवेदन पत्र एम.पी ऑनलाईन www.mponline.gov.in की वैबसाईट पर उपलब्ध है।
- आवेदन के साथ दस्तावेजों की निम्नलिखित स्कैन की गई प्रतियां उम्मीदवार द्वारा अपलोड किया जाना अनिवार्य है।
  1. जन्मतिथि के सर्मथन में हाई स्कूल परीक्षा मार्कशीट/सर्टिफिकेट/जन्म प्रमाण पत्र।
  2. आवेदित पद हेतु निर्धारित अर्हता के सर्मथन में संबधित डिग्री/डिप्लोमा/फाईनल ईयर की मार्कशीट ।
  3. म.प्र. में संबंधित काउंसिल से जीवित रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट ।
  4. फोटो पहचान प्रमाण पत्र।
  5. उम्मीदवार का नवीन फोटो एंव हस्ताक्षर ।
  6. 12वीं कक्षा की अंकसूची ।
  7. जति प्रमाण पत्र।
  8. प्रत्येक दस्तावेज फोटो एंव हस्ताक्षर सहित 200 के.बी. के आकार से अधिक ना हो।
- **ऑनलाईन आवेदन पत्र भरने संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी:–**
  आवेदन पत्र एम.पी ऑनलाईन www.mponline.gov.in पर दिये गये लिंक पर उपलब्ध है। परीक्षा आवेदन फॉर्म ऑनलाईन म.प्र. के जिला, तहसील एंव ब्लॉक एंव कुछ ग्राम पंचायत स्तर पर स्थापित एम.पी ऑनलाईन के अधीकृत कियोस्कों के माध्यम से भरा जा सकता हे। एम.पी. ऑनलाईन के अधिकृत कियोस्कों की सूची के लिये एम.पी ऑनलाईन www.mponline.gov.in पर अथोराईज्ड कियोस्क लिस्ट लिंक देखें। आवेदन इंटरनेट कैफे के माध्यम से या घर बैठे स्वंय भी अपना ऑनलाईन फॉर्म भर सकते है।
- **इंटरनेट कैफे या स्वंय घर बैठे कम्पयूटर द्वारा इंटरनेट के माध्यम से आवेदन फॉर्म भरने की विधी:–**
  आवेदक एम.पी ऑनलाईन www.mponline.gov.in वैबसाईट के माध्यम से होम पेज मे नागरिक सेवायें ऑप्शन पर क्लिक करें। फिर ड्राप डाउन लिस्ट से आवेदन ऑप्शन पर

क्लिक करने के पश्चात् ग्वालियर मानसिक आरोग्यशाला,ग्वालियर के लोगो पर क्लिक करने के उपरान्त आवेदन में जा कर आवेदन कर सकते है। आवेदकों को किसी प्रकार की असुविधा होने पर एम.पी ऑनलाईन के कस्टमर केयर नम्बर 0755–6720200, 0755–6720222 एंव ई–मेल आई डी helpdesk@mponline.gov.in

- आवेदक ऑनलाईन फार्म भरने से पहले विज्ञप्ति को एम.पी ऑनलाईन www.mponline.gov.in के माध्यम से या ग्वालियर मानसिक आरोग्यशाला,ग्वालियर की बैबसाईट www.gwaliormentalhospital.org दिये गये लिंक से दी गई जानकारी और शर्तो को अच्छी तरह से पढ लेवें । इसके उपरांत ही आवेदन करने के लिये फॉर्म पर क्लिक करें इसके उपरांत आवेदक को स्क्रीन पर ऑनलाईन फार्म दिखाई देगा। आवेदक को फॉर्म में मांगी गई समस्त जानकारियां सही–सही भरना अनिवार्य है। आवेदक को फार्म पृष्ठ पर नीचे की ओर एक बटन ब्राउज दिखाई देगा। जिसमें आवेदक अपना नवीन रंगीन फोटो हस्ताक्षर सहित अटेच करना है इस बटन के नीचे आवेदक को फोटो हस्ताक्षर के साथ (प्रारूप हेतु इस लिंक पर क्लिक करें) दिखाई देगी हाईपरलिंक को लिंक करने पर हस्ताक्षर सहित फोटो के फारमेट का प्रिंट लेकर उचित स्थन पर फोटो चिपकाकर उसके नीचे हस्ताक्षर करें। इसके उपरांत उक्त फॉरमेट को स्कैन कर (जे.पी.जी 200 के.बी साईज और मिनीमम) फॉरमेट मे ही सेव करें। अब आवेदक ब्राउज बटन पर क्लिक करें इसके उपरांत जिस डायरेक्ट्री में आवेदक ने अपना फोटो हस्ताक्षर स्कैन कर सेव किया है। उस डायरेक्ट्री से अपना फोटो हस्ताक्षर सिलेक्ट कर अटैच करें।
- आवेदक ऑनलाईन फार्म को पूर्ण रूप से भरने के बाद उसे अच्छी तरह से पढ ले और यह सुनिश्चित कर ले की फॉर्म में जो भी जानकारी भरी गई है वह सही है। यदि फार्म में कोई गलत जानकारी भर दी गई हो तो पुनः उसे ठीक कर लें उके उपरांत सबमिट बटन दबायें। इससे आवेदक को एक आवेदन फॉर्म नंबर प्रापत होगा इसके उपरांत आवेदक परीक्षा शुल्क के भुगतान के लिये प्रोसेस टू पेमेन्ट बटन पर क्लिक करेगा तो उसे परीक्षा शुल्क भुगतान हेतु दो ऑप्शन दिखाई देंगें।
  अ. क्रेडिट/डेबिट कार्ड    ब. इंटरनेट बैंकिंग

अ. क्रेडिट/डेबिट कार्ड के माध्यम से परीक्षा शुल्क का भुगतान– आवेदक किसी भी इंटरनेट कैफे या घर बैठे भी स्वंय इंटरनेट के माध्यम से कम्प्यूटर द्वारा अपना फॉर्म भर सकता है। ऑनलाईन फॉर्म भरने के उपरांत शुल्क का भुगतान किसी भी बैंक के क्रेडिट/डेबिट के माध्यम से किया जा सकता हैं आवेदक द्वारा फार्म भरने के उपरांन्त परीक्षा शुल्क का भुगतान करने के लिये प्रोसेस टू पेमेन्ट बटन दबाने पर कम्प्यूटर स्क्रीन पर संबंधित बैंक का पेमेंट गेटवे दिखाई देगा। इसमें क्रेटिट/डेबिट कार्ड का विवरण भरने के उपरांत कंफर्म बटन दबाकर परीक्षा शुल्क का भुगतान किया जा सकता हैं आवेदक को परीक्षा शुल्क भुगतान की प्रक्रिया सफलता पूर्वक पूर्ण होने के बाद कम्प्यूटराईज्ड रसीद प्राप्त होगी जिस पर उसकी ट्रांजेक्शन संबंधित जानकारी भी अंकित होगी। आवेदक इस रसीद को संभालकर रखें।

ब. इंटरनेट बैंकिग के माध्यम से परीक्षा शुल्क का भुगतान– आवेदक चाहे तो स्वंय घर बैठे इंटरनेट या इटंरनेट कैफे के माध्यम से कम्प्यूटर द्वारा अपना फार्म भरकर परीक्षा शुल्क का भुगतान इंटरनेट बैंकिंग की सुविधा से कर सकता है। इसके लिये आवेदक के पास नेट बैंकिंग सुविधा होना अनिवार्य है। आवेदक ऑनलाईन फार्म भरने के उपरांत प्रोसेस टू पेमेन्ट बटन दबायेगा यह पर उसे इंटरनेट बैंकिग आप्शन दिखाई देगा। इसे क्लिक करने पर वह अपने बैंक द्वारा प्रदान यूजर आई.डी पासवर्ड डालकर लॉग–इन होगा। इस प्रकिया से आवेदक अपने बैंक अकाउंट से शुल्क का भुगतान कर सकता है। सफलता पूर्वक भुगतान प्रकिया पूर्ण होने के बाद आवेदक को स्क्रीन पर पावती नंबर और आवेदक का विवरण दिखाई देगा। इसका प्रिंट आवश्य लें।

- एम.पी ऑनलईन कियोस्क के माध्यम से आवेदन फॉर्म भरने की विधि– आवेदक ऑनलाईन आवेदन फॉर्म भरने के लिये नजदीकी एम.पी ऑनलाईन के अधीकृत कियोस्क

पर जावेगा। कियोस्क संचालक www.mponline.govt.in वैबसाईट ओपन कर अपना यूजर आई.डी और पासवर्ड डालकर लॉग–इन टाईप मे कियोस्क सिलेक्ट कर लॉग इन करेगा। इसके उपरांत सिटिजन सर्विसेज में जाकर एप्लीकेशन मे सर्वप्रथम फॉर्म भरने संबंधित निर्देश और जानकारियां आवेदक को उपलब्ध करायेगा। आवेदक इन्हे सावधानी पूर्वक पढ ले ताकि मांगी गई समस्त जानकारियां फार्म में सही से भरी जा सके। इसके उपरांत आवेदक कियोस्क संचालक को अपनी समस्त जानकारी उपलब्ध कराकर फॉर्म भरवा लें एंव साथ में अपना नवीन रंगीन पासपोर्ट साईज का फोटो आवश्य ले जावें। कियोस्क आवेदक का फोटो हस्ताक्षर स्कैन कर उचित स्थान पर अटैच करेगा। फॉर्म भरने के के उपरांत आवेदक ऑनलाईन फॉर्म में भरी गई समस्त जानकारियां सही–सही भरी होने के उपरांत ही कियोस्क संचालक को प्रोसेस टू पेमेन्ट बटन दबाकर परीक्षा शुल्क नगद भुगतान करेगा। कियोस्क संचालक भुगतान प्रकिया पूर्ण होने पर कम्प्यूटराईस्ड रसीद आवेदक को प्रदान करेगा। इस रसीद में परीक्षा शुल्क की पूरी जानकारी अंकित रहेगी। साथ ही आवेदक से संबंधित पूर्ण जानकारी भी रसीद में अंकित होगी। आवेदक इस रसीद को ध्यानपूर्वक पढ लें तथा अपने पास संभालकर रखें।

- जानकारी की शुद्वता एंव सत्यता का पूरा उत्तरदायित्व आवेदक का होगा। असत्य या गलत जानकारी ऑनलाईन आवेदन में देने पर संबंधित आवेदक की पात्रता निरस्त की जायेगी।
- यदि आवेदक के पास केडिट / डेबिट कार्ड या नेटबैंकिंग सुविधा उपलब्ध नही है तो भरे गये फॉर्म का कियोस्क के माध्यम से पे फॉर अनपेड एप्लीकेशन लिंक द्वारा परीक्षा शुल्क का नगद भुगतान कर सकता है। परीक्षा शुल्क का भुगतान प्रत्येक आवेदक को करना अनिवार्य है।
- इसके लिये आवदेक को उपरोक्त बताये गये बिन्दु में दर्शायी गई विधि अनुसार फॉर्म भरने के उपरांत अपने नजदीक में स्थापित एम.पी.ऑनलाईन के अधिकृत कियोस्क पर जाकर भरे गये फार्म का आवेदन कमांक एंव अपनी जन्मतिथि कियोस्क संचालक को बताना होगा इसके उपरांत कियोस्क संचालक पे फॉर अनपेड एप्लीकेशन मे उक्त जानकारी भरकर फार्म ओपन कर लेगा। इसके उपरांत प्रोसेस टू पेमेन्ट बटन दबाकर परीक्षा शुल्क का भुगतान कर देगा। शुल्क भुगतान प्रकिया पूर्ण होने पर कियोस्क संचालक आवेदक का कम्प्यूटराईज्ड रसीद प्रदान करेगा। इस रसीद में परीक्षा शुल्क की जानकारी के साथ आवेदक से संबंधित समस्त जानकारी अंकित होगी। आवेदक इस रसीद को संभालकर रखें। ऑनलाईन पेमेंट करने पर यदि पेमेंट रिजेक्ट हो जाता है / पेमेंट रसीद जनरेट नहीं हो रही है तो तत्काल पुनः पेमेंट कर रसीद जनरेट कर सुरक्षित रखें। पेमेंट के अभाव में आवेदन स्वतः निरस्त हो जायेगा।

**13 महत्वपूर्ण टीपः–**

उपरोक्त तिथियां ग्वालियर मानसिक आरोग्यशाला , ग्वालियर की आवश्यकतानुसार परिवर्तित की जा सकती है। यह उम्मीदवारों के हित में है कि वे ग्वालियर मानसिक आरोग्यशाला , ग्वालियर की वैबसाईट www.gwaliormentalhospital.org एंव एम.पी. ऑनलाईन की वैबसाईट का नियमित रूप से अवलोकन करते रहे एंव महत्वपूर्ण सूचनाओं व निर्देशों पर ध्यान देवें। इस संबंध में ग्वालियर मानसिक आरोग्यशाला, ग्वालियर की कोई जबावदारी नही होगीं यदि आवेदक समय–समय पर ग्वालियर मानसिक आरोग्यशाला,ग्वालियर द्वारा जारी महत्वपूर्ण सूचनाओं एंव निर्देशों का अवलोकन करने में असफल होता है तो इसकी दावेदारी मान्य नही की जावेगी। परन्तु इसके पश्चात् भी यदि अभ्यार्थी द्वारा असत्य या गलत जानकारी ऑनलाईन आवेदन में दी जाती है तो ऐसी स्थिति में आवेदक की अभ्यार्थिता निरस्त कर दी जावेगी।

संचालक
ग्वालियर मानसिक आरोग्यशाला
ग्वालियर म0प्र0

## / /आवेदन का प्रारूप/ /

स्वप्रमाणि
फोटो

1. आवेदित पद का नाम.................................................

2. आवेदक का पूरा नाम(उपनाम सहित)................................................................

3. महिला ..................................................................................................

4. पिता/पति का नाम (उपनाम सहित)...........................................................

5. जन्मतिथि ............................................................................................

6. आयु दिनांक 01.01.2021 के अनुसार वर्ष ..................माह ..........दिन............

(सत्यापन हेतु प्रमाण पत्रो की सत्यापित प्रति संलग्न करें)

7. वर्तमान निवास स्थान का पता(पिन कोड सहित).................................................

8. स्थाई निवास स्थान का पता (पिन कोड सहित) ................................................

.....................................................................................................................

9. मोबाईल न0...................................ई–मेल आई.डी .....................................................

10. वर्गः– अनारक्षित/अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछडा वर्ग/विंकलाग/भूतपूर्व सैनिक/आर्थिक रूप से कमजोर................................(आरक्षित श्रेणी हेतु सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाणपत्र की छांयाप्रति संलग्न करें)

11. विवाहित होने की स्थिति में विवाह की तिथि ..........................................................................

12. शासकीय निर्सिंग स्कूल/महाविद्यालय का नाम ...................................................................

13. शैक्षणिक योग्यताऐंः–(प्रमाण पत्र एंव अंकसूची की सत्यापित छांयाप्रति संलग्न करें)

| क्र. | परीक्षा का नाम | संस्था/बोर्ड/विश्वविद्यालय का नाम | वर्ष | विषय | प्राप्तांक/पूर्णांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | | |
| 2 | | | | | | |
| 3 | | | | | | |

14. जीवित बच्चो का विवरण :–

| क. | नाम | लिंग | जन्मतिथि (सत्यापित प्रमाण पत्र की छांयाप्रति संलग्न करें) |
|---|---|---|---|
| 1 | | | |
| 2 | | | |
| 3 | | | |

15. अन्य विशेष योग्यता:–
16. सेवारत होने की स्थिति में नियोक्ता का अनापत्ति प्रमाण पत्र संलग्न करें।
17. निर्धारित आयु के पूर्व विवाह ना होने तथा 26.01.2001 के पश्चात तीसरी संतान न होने का नोटरी द्वारा अभिप्रमाणित शपथ–पत्र संलग्न करें।
18. संलग्न प्रमाण पत्रो की सूची ।

**स्थान** ..............................................

**दिनांक** ..............................................

**आवेदक का पूरा नाम एंव हस्ताक्षर**
**पता सहित–**



## //घोषणा–पत्र//

1. मै प्रमाणित करता/करती हूँ कि मेरे द्वारा दी गई उपरोक्त जानकारी पूर्ण एंव सत्य है। जानकारी असत्य होने की दशा में मेरा आवेदन पत्र/नियुक्ति पत्र निरस्त किया जा सकेगा।

2. मै प्रमाणित करता/करती हूँ कि मुझे नैतिक पतन के किसी अपराध में किसी न्दायालय द्वारा न तो दोषी पाया गया है और न ही मेरे विरूद्ध इस प्रकार का कोई प्रकरण किसी भी न्यायालय मे विचाराधीन है।

**आवेदक का पूरा नाम एंव हस्ताक्षर**